आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

2. आकाशवाणी के कार्यक्रम मन की बात की एक सौ तीसवीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे देश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

3. उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर द्वीपवासियों को बधाई दी है।

4. भारतीय प्राणी सर्वेक्षण का मत्स्य जीव संरक्षण और आजीविका के संतुलन पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम द्वारा कई विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्र के नाम संबोधन शाम 7 बजे प्रसारित होगा। आज रात 10 बजे से 12 बजे तक आकाशवाणी दिल्ली से प्रसारित होने वाला विशेष 'सर्व भाषा कवि सम्मेलन' भी सुना जा सकेगा। गणतंत्र दिवस पर सुबह साढ़े आठ बजे से आकाशवाणी श्री विजयपुरम मरीना पार्क रोड से ध्वजारोहण समारोह और उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी द्वारा द्वीपवासियों के लिए संबोधन का सीधा प्रसारण करेगा। इसके बाद सुबह नौ बजकर चालीस मिनट से नई दिल्ली के कर्तव्य पथ और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से गणतंत्र दिवस परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे इन विशेष प्रसारणों का लाभ उठाएं और राष्ट्रीय उत्सव में भाग लें।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में देश के साथ–साथ सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस की तैयारियाँ पूरे जोर–शोर से चल रही हैं। भारत के संविधान को अंगीकार करने और देश के गणराज्य बनने की स्मृति में यह पर्व प्रतिवर्ष यहां औपचारिक परेड और विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को मरीना पार्क रोड पर आयोजित होगा। उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी सुबह आठ बजकर सैंतीस मिनट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे, जिसके पश्चात राष्ट्रीय ध्वज के साथ हेलीकॉप्टर द्वारा फ्लाई–पास्ट होगा। इसके बाद पदक एवं वीरता पुरस्कारों का वितरण तथा उपराज्यपाल प्रशस्ति प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे। तत्पश्चात उपराज्यपाल द्वीपवासियों को संबोधित करेंगे। इससे पहले

उपराज्यपाल सेल्युलर जेल स्थित राष्ट्रीय स्मारक में ‘शहीद स्तंभ’ पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। परेड में रक्षा बल, पुलिस, वन विभाग, एनसीसी तथा विद्यालयों के बालक–बालिका दल भाग लेंगे। विभिन्न विभागों की झांकियों के साथ आईआरबीएन द्वारा ‘डेयर डेविल बाइक शो’ विशेष आकर्षण रहेगा।

<><><><><><>

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे से राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन प्रसारित होने के कारण प्रादेशिक समाचार का प्रसारण समय में परिवर्तन किया गया है। आज शाम प्रादेशिक समाचार छः बजकर पैंतालीस मिनट से छः बजकर पचपन मिनट तक प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी के ‘मन की बात’ कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूजऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्र प्रादेशिक भाषाओं में इसका प्रसारण करेंगे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी पचासवीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल को वर्ष दो हजार पन्द्रह में शुरू किया था। यह केंद्र सरकार, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों को एक साथ एक ही डिजिटल मंच पर लाता है। विशेष श्रृंखला में कर्नाटक में स्थित पडूर रणनीतिक कच्चे तेल भंडारण परियोजना पर विशेष रिपोर्ट।

<><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के समस्त मतदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। इस वर्ष की थीम ”माय इंडिया, माय वोट” तथा टैगलाइन ”भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक” है। यह थीम मतदाता सुविधा, समावेशन और सक्रिय सहभागिता को सुदृढ़ लोकतंत्र के अनिवार्य स्तंभ के रूप में रेखांकित करती है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक मतदाता की उस महत्वपूर्ण भूमिका की

याद दिलाता है, जो लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में सहायक है। मतदान का अधिकार केवल संवैधानिक विशेषाधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण दायित्व भी है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में देश के साथ–साथ आज 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम "माय इंडिया, माय वोट" है, जबकि टैगलाइन "भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक" है। भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच, अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआईआर अभियान जारी है। प्रारूप मतदाता सूची तेईस दिसंबर दो हजार पच्चीस को प्रकाशित की गई थी, जिसके अनुसार कुल दो लाख छियालीस हजार तीन सौ नब्बे मतदाता हैं। इनमें एक लाख चौबीस हजार नौ सौ ग्यारह पुरुष, एक लाख इक्कीस हजार चार सौ छियहत्तर महिलाएं तथा तीन ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। अंतिम मतदाता सूची इक्कीस फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार क्षेत्रीय केंद्र, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के आइलैंड बायोडायवर्सिटी ईआईएसीपी सेंटर द्वारा "सतत मत्स्य पालनः संरक्षण और आजीविका का संतुलन" विषय पर आयोजित दो–सप्ताह का क्षमता निर्माण कार्यक्रम कल संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि डॉ. एस. दिनेश कन्नन, मुख्य संरक्षक वन (वन्यजीव), पर्यावरण एवं वन विभाग ने प्रशिक्षित प्रतिभागियों से अपने स्थानीय समुदायों में संरक्षण दूत बनने और जागरुकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने कहा कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास सतत विकास और संरक्षण के साथ सह–अस्तित्व में होना चाहिए।

<><><><><><><>